 Roll No. ……………………..

# MAHL–101

हिन्दी साहित्य का इतिहास एवं आदिकालीन कविता

M. A. Hindi (MAHL–12/16/17)

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित में से किसी एक की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए :

(क) माधव, तोहें जनु जाह बिदेस।
हमरो रंग रभस लए जए बह, लए हब कओन संदेस।
बनहि गमन करु होएति दोसर मति
बिसरि जाएब पति मोरा।
हीरा मनि मानिक एको नहि माँगब
फेरि माँगब पहु तोरा।

(ख) माधब कि कहब सुन्दरि रूपे।
कतेक जतन विहि आनि समारल देखलि नयन सरूपे।
राज चरण युग सोभित गति गजराजक भाने।
कनक कदली पर सिंह समारल तापर मेरु समाने।

2. इतिहास एवं साहित्येतिहास के परस्पर संबंध पर प्रकाश डालिए।
3. हिन्दी साहित्य के आदिकाल के उद्‌भव एवं विकास पर विस्तार से प्रकाश डालिए।
4. शृंगार और भक्ति के समन्वय की दृष्टि से विद्यापति के काव्य की विवेचना कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी साहित्येतिहास का परिचय दीजिए।
2. हिन्दी साहित्य के काल विभाजन पर संक्षेप में बताइए।
3. जैन साहित्य की परम्परा पर प्रकाश डालिए।
4. सिद्ध साहित्य से क्या तात्पर्य है ? सोदाहण स्पष्ट कीजिए।
5. 'रासो' शब्द की व्युत्पत्ति एवं अर्थ पर प्रकाश डालिए।
6. विद्यापति की भाषा-योजना पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।
7. 'आदिकालीन हिन्दी साहित्य में अमीर खुसरो का योगदान' विषय पर प्रकाश डालिए।

8. आदिकालीन नाथ साहित्य परम्परा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सिद्धों की संख्या कितनी बताई गई है ?
2. हरिदासी सम्प्रदाय को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
3. विद्यापति पदावली की भाषा क्या है ?
4. 'अखरावट' किस कवि की रचना है ?
5. 'मैथिल कोकिल' किस कवि को कहा जाता है ?

सही विकल्प चुनिए :

6. इतिहास लेखन की सबसे विकसित पद्धति है :
   (अ) विधेयवादी पद्धति
   (ब) वर्णानुक्रम पद्धति
   (स) कालानुक्रमी पद्धति
   (द) समाजशास्त्री पद्धति
7. 'संदेश रासक' के रचयिता का नाम है :
   (अ) स्वयंभू
   (ब) अब्दुर्रहमान
   (स) हेमचन्द्र
   (द) जोइन्दु

8. आदिकाल के लिए चारण काल के प्रयोक्ता हैं :

(अ) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा

(ब) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(स) डॉ. रामकुमार वर्मा

(द) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

9. अमीर खुसरो की काव्यभाषा थी :

(अ) खड़ी बोली

(ब) अवधी

(स) ब्रजभाषा

(द) मैथिली

10. खुसरो ने निम्नलिखित में से किसका आविष्कार किया ?

(अ) सितार

(ब) गिटार

(स) बाँसुरी

(द) पखावज